# दैनिक विश्वमित्र

www.dainikvishwamitra.com

• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक •








वर्ष 110 ■ संख्या 251 | कोलकाता शुक्रवार ■ 12 सितम्बर, 2025 ■ आश्विन कृष्ण 5, सम्वत् 2082 | मूल्य : 5 रुपए, कुल पृष्ठ 10









## नेपाल सीमा पर तनाव बरकरार, पानीटंकी में कड़ी निगरानी

**सिलीगुड़ी, 11 सितम्बर (निप्र)।** नेपाल में जारी राजनीतिक उथल-पुथल और सेना के नियंत्रण के बीच भारत-नेपाल सीमा पर भी आज तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के पानीटंकी सीमा इलाके में सुरक्षा चक्र गुरुवार को और भी कड़ा किया गया। नेपाल से भारत में आपात स्थिति में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है, लेकिन भारत से नेपाल की ओर जाने पर फिलहाल अस्थायी रोक लगाई गई है। सीमा पर एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के साथ-साथ राज्य पुलिस की कड़ी निगरानी देखी गई। सीमा पर खुद पहुंचे एसएसबी के डीआईजी मंजीत सिंह ने हालात की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर चर्चा की गई। प्रतिदिन इस सीमा से 800 से 1000 ट्रक पार होते हैं।

## कल हावड़ा में दोपहर से शाम जलापूर्ति रहेगी बंद

**हावड़ा, 11 सितम्बर (निप्र)।** केएमडीए द्वारा संचालित पद्दपुकुर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पंप का मरम्मत कार्य किया जायेगा। इस बाबत शनिवार यानी 13 सितंबर को दोपहर 12 बजे से निगम के सभी वार्डों में (1-50) जलापूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी। यह जानकारी हावड़ा नगर निगम ने विज्ञप्ति जारी कर दी है। जलापूर्ति शनिवार रात 7.30 बजे से सामान्य होने की संभावना है। मालूम रहे कि पिछले जून महीने में भी मरम्मत कार्य के लिए सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति बंद की गयी थी।

### भीतर के पन्नों पर खास


- इनामी नक्सली समेत 10 नक्सली ढेर — पृष्ठ 2
- आम आदमी की जेब खाली करती महंगाई डायन — पृष्ठ 4
- प्रेमी संग भागी नौ बच्चों की मां — पृष्ठ 7


**शोक समाचार पृष्ठ 3 पर**

### अजब गजब

**भारतीय लोकतंत्र**

जज : क्या तुमने नारा लगाया था कि भारत के टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे?

आरोपित :=7 जी हां!

जज : क्या तुमने पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया था?

आरोपी :=7 जी हां!

जज : क्या आप ने राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज का विरोध और अपमान किया?

आरोपित :=7 जी हां!!

जज : क्या आप ने आतंकवाद और नक्सलवाद का समर्थन किया?

आरोपित :=7 जी हां!!

जज : क्या आप ने सेना, पुलिस के खिलाफ हथियार उठाने का समर्थन किया था?

आरोपित :=7 जी हां!!

जज : क्या आप ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया?

आरोपित :=7 जी हां!!

जज : क्या तुमने भारत में पाकिस्तान का झंडा फहराया?

आरोपित :=7 जी हां जज साहब, मैंने ये सब किया है।

जज : तुमने ऐसा क्यों किया, क्या तुम इस देश के नागरिक नहीं हो, जानते हो इस देशद्रोह की सजा क्या है?

आरोपी : 7 जी हाँ जज साहब, मैं इन सबसे परिचित हूँ और यह मैंने बहुत सोच समझकर किया है। *(शेष पृष्ठ 2 पर)*

# नेपाल में अंतरिम पीएम के लिए जेन-जेड एवं प्रदर्शनकारी भिड़े



**एक गुट सुशीला कार्की का समर्थक तो दूसरा बालेन शाह का**

**पीएम दावेदारी में नेपाल के 'लाइट मैन' कुलमान घीसिंग आगे**

**काठमांडू, 11 सितम्बर (एजेंसियां)।** नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। आज इसे लेकर जेन-जेड दो ग्रुप में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गई। इसमें कई युवक घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है। गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बने। अगर बालेन नहीं बनते हैं तो धरान मेयर हरका सम्पांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। कुलमान घीसिंग जी ने नेपाल के 'लाइट मैन' के रूप में जाना जाता है, वे नेपाल के प्रधानमंत्री की दावेदारी में फिलहाल आगे चल रहे हैं। इन्होंने जमशेदपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की हुई है।

### भारत-मॉरीशस द्विपक्षीय वार्ता, मोदी बोले,

# दोनों देश एक परिवार हैं

- कई मुद्दों पर हुई सार्थक चर्चा
- चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई दी

**वाराणसी, 11 सितम्बर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम को चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई दी। वहीं मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने काशी में भव्य स्वागत के लिए पीएम को धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। प्राचीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। काशी में मां गंगा की अविरल धारा की तरह, भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है और आज, जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं बल्कि एक परिवार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमने द्विपक्षीय सहयोग की सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए। मैं मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम को चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई देता हूं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद बोले पीएम मोदी, मॉरीशस की संप्रभुता की ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। भारत ने हमेशा उपनिवेशवाद और मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है और इसमें भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से साथ खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मॉरीशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात है। आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा। रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। भारत के बाहर पहला जन औषधि केंद्र अब मॉरीशस में स्थापित हो चुका है।



*वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम से हाथ मिलाते हुए।*

### नितिन गडकरी का बड़ा आरोप

# मेरे खिलाफ पैसे देकर पॉलिटिकल कैंपेन

**नई दिल्ली, 11 सितम्बर (एजेंसियां)।** इथेनॉल ब्लेंड फ्यूल को लेकर पिछले दिनों काफी चर्चा हुई। इसको लेकर अलग-अलग राय रखी गई। इन सबके बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर एक पेड पॉलिटिकल कैंपेन का शिकार हुए हैं। सरकार की ओर से इथेनॉल-मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के खिलाफ लॉबिंग करने का आरोप उन्होंने लगाया है। साथ ही कहा कि कुछ स्वार्थी लोग इस बदलाव को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ई20 (20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर सोशल मीडिया पर बढ़ती चिंताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए गडकरी ने कहा कि हर जगह लॉबी होती हैं, हित जुड़े होते हैं। उनकी यह टिप्पणी नई दिल्ली में सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 65वें वार्षिक सम्मेलन में आई। नितिन गडकरी ने कहा कि सोशल मीडिया पर मेरे खिलाफ एक पेड कैंपेन चलाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी याचिका खारिज कर दी है। इसमें कोई तथ्य नहीं था। ई20 जो अप्रैल 2023 में चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर शुरू हुआ था, अप्रैल में पूरे देश में लागू किया गया। इसने ई10 (10 प्रतिशत इथेनॉल युक्त पेट्रोल) की जगह ले ली, जिसका इस्तेमाल भारत में वर्तमान में अधिकांश कारों में होता है। ई20 ने उपभोक्ताओं और ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों के बीच बहस छेड़ दी है, जिनमें से कई का तर्क है कि इथेनॉल के मिश्रण से वाहनों की क्षमता प्रभावित हो सकती है।



### राहुल गांधी: सिक्योरिटी से खिलवाड़

# सीआरपीएफ ने खड़गे को लिखी चिट्ठी



**नई दिल्ली, 11 सितम्बर (एजेंसियां)।** सीआरपीएफ ने विदेश यात्राओं के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से अपना सिक्योरिटी प्रोटोकॉल बार-बार तोड़े जाने पर गंभीर चिंता जताई है। सीआरपीएफ की ओर से कहा गया है कि इस तरह सुरक्षा से खिलवाड़ उन्हें गंभीर खतरे में डाल सकता है। सीआरपीएफ की ओर से इसके लिए उनकी इटली, वियतनाम और मलेशिया जैसे देशों की यात्राओं का हवाला भी दिया गया है। दरअसल, 'येलो बुक' प्रोटोकॉल के तहत वीवीआईपी को अपनी मूवमेंट की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को पहले से देनी होती है, लेकिन आरोप है कि राहुल लगातार इसे नजरअंदाज कर रहे हैं। एएनआई की एक रिपोर्ट के अनुसार सीआरपीएफ ने राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें उनकी ओर से लगातार इसके उल्लंघन की बात कही गई है। सीआरपीएफ का कहना है कि एडवांस सिक्योरिटी लाइजन टीम के साथ जेड+ कवर (न+) होने के बावजूद राहुल ने कई मौकों पर अनिवार्य सुरक्षा उपायों की अनदेखी की।

## 'सेना में भारतीयों की भर्ती बंद करे रूस'

**नई दिल्ली, 11 सितम्बर (एजेंसियां)।** भारत ने आज रूस से अपनी मिलिट्री में भारतीय नागरिकों की भर्ती तुरंत बंद करने की अपील की है और रूसी सेना में सहायक कर्मचारियों जैसे गैर-लड़ाकू भूमिकाओं में कार्यरत सभी भारतीयों को रिहा करने की मांग की। विदेश मंत्रालय ने रूसी सैन्य इकाइयों द्वारा भारतीय नागरिकों को शामिल किए जाने की ताजा रिपोर्टों के बाद एक सख्त संदेश जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने हाल ही में रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती के बारे में रिपोर्ट देखी हैं, जो कि चिंताजनक है।

### बुजुर्ग को 40 साल में 13 बाद सांप ने डंसा

# काटते ही हनुमान मंदिर भागता है परिवार

**झांसी, 11 सितम्बर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से एक चौंकाने वाला और रहस्यमयी मामला सामने आया है। जिले के एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को पिछले करीब 40 सालों से हर तीन साल पर सांप काटता आ रहा है। यह सिलसिला अब तक 13 बार हो चुका है। हैरानी की बात है कि हर बार उनकी जान बच जाती है। इसको लेकर इलाके में चर्चा का बाजार गरमाया हुआ है। इतने सालों में सांप 13 बार उन पर हमला कर चुका है, लेकिन अब तक उसने परिवार के किसी भी अन्य सदस्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। यह भी लोगों को हैरान करता है। पिछले दिनों सांप ने 13वीं बार बुजुर्ग किसान को डसा है। एक बार फिर उनकी जान बचा ली गई है। सीताराम अहिरवार नामक यह बुजुर्ग झांसी मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर चिरगांव थाना क्षेत्र के पट्टी कुमर्रा गांव के रहने वाले हैं। सांप के काटने के बाद इन्हें कभी अस्पताल नहीं ले जाया गया। परिवार और ग्रामीण हर बार इन्हें गांव के हनुमान मंदिर ले जाते हैं। वहां झाड़-फूंक की जाती है। दावा है कि इसके बाद सीताराम धीरे-धीरे ठीक हो जाते हैं।







शुक्रवार, 12 सितम्बर, 2025

सूर्योदय 5.22 बजे

सूर्यास्त 5.43 बजे

■ आज अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 35 व 28 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम व न्यूनतम आर्द्रता 91% तथा 80% रही।

बारिश हुई

● श्री श्री ईश्वर सत्यनारायण एवं अन्य देवगण 51, कॉटन स्ट्रीट, बड़ाबाजार में नि:शुल्क फिजियोथेरॉपी सुबह 8 से 10 बजे तक एवं नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा सायं 5 से 7 बजे तक। सुबह 10.30 से 11 बजे तक नि:शुल्क भोजन 21 लोगों के लिए।

● सीकर नागरिक परिषद(कोलकाता) द्वारा सीकर भवन, 1-ए, आशुतोष दे लेन में खिचड़ी वितरण सीकर भवन के सामने सुबह 8:15 से 9:00 तक। होम्योपैथी चिकित्सा सुबह 10:00 से 11:30 बजे तक। दंत चिकित्सा अपराह्न 04:00 बजे से 5:30 बजे तक। चक्षु चिकित्सा शाम 04:30 से 05:30 बजे तक। फिजियोथेरेपी चिकित्सा शाम 05:30 से 07:00 बजे तक।

## शोक समाचार




**श्रीमती शकुंतला देवी अग्रवाल,** 4 सितम्बर, **श्री पदम जाजोदिया,** 10 सितम्बर, **श्रीमती गीता देवी केडिया,** 4 सितम्बर को परलोक गमन हो गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने हृदय में स्थान दें और परिवार को इस अपार दु:ख सहने की शक्ति दें।

**'शोक समाचार'** स्तंभ में शोक समाचार देने अथवा हमारे समाचार पत्र में शोक संबंधी विज्ञापन प्रकाशित करने को इच्छुक पाठक 9062771550 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# नेपाल सीमा से घुसपैठ का खतरा, अलर्ट

**कोलकाता, 11 सितम्बर (निप्र)।** आग से तबाह नेपाल की एक जेल से हज़ारों कैदी फरार हो गए हैं! इनमें से कई बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमाओं से भारत में घुस आए हैं। सीमा सुरक्षा बल इन दोनों राज्यों की सीमाओं पर 30 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुका है। ऐसे में बंगाल की पानीटंकी सीमा पर भी कड़ी निगरानी शुरू कर दी गई है। सिलीगुड़ी से सटे खड़ीबाड़ी में मेची नदी के उस पार नेपाल है। भारत भी मेची नदी के उस पार है। इलाके में कोई कंटीली तार नहीं है। खुली सीमा होने के कारण, एसएसबी को घुसपैठ का डर है। इसे रोकने के लिए जवानों ने मेची नदी के एक किनारे को घेर लिया है। राज्य प्रशासन भी सतर्क है। सीमावर्ती इलाकों के पुलिस थानों को पानीटंकी सीमा पर कड़ी नज़र रखने के निर्देश दिए गए हैं। ख़ुफ़िया विभाग ने भी निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अगर कोई घुसपैठ की कोशिश करेगा, तो उसे तुरंत गिरफ़्तार कर लिया जाएगा। नेपाल में जारी अशांति के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उत्तर बंगाल में थीं। चूँकि बंगाल पड़ोसी राज्य है, इसलिए वह वहाँ के हालात और राज्य की सीमाओं पर नज़र रख रही थीं। गुरुवार को उत्तर बंगाल से कोलकाता रवाना होने से पहले उन्होंने कहा, सभी लोग कुशल मंगल हों। पूजा मंगलमय हो। पूजा समितियाँ अभी भी पंडाल ठीक से नहीं बना पा रही हैं। मैं आप सभी से ज़िम्मेदारी से काम लेने का अनुरोध करती हूँ। ध्यान रखें कि कहीं भी कोई अप्रिय घटना न हो। नेपाल में फंसे भारतीय गुरुवार सुबह से ही पानी टंकी बॉर्डर के रास्ते धीरे-धीरे लौटने लगे हैं। सबके चेहरों पर दहशत के भाव हैं। गुरुवार दोपहर तक सौ से ज़्यादा लोग बॉर्डर पार कर चुके हैं। एसएसबी ने सभी के पहचान पत्र देखने के बाद उन्हें भारत में प्रवेश की अनुमति दे दी है। इसके अलावा, कई तेल टैंकर और सब्ज़ियों के ट्रक भी आपात स्थिति में नेपाल से भारत में दाखिल हुए हैं। इससे ट्रक चालकों को थोड़ी राहत मिली है। दार्जिलिंग के पुलिस अधीक्षक प्रवीण प्रकाश भी हालात का जायज़ा लेने पानीटंकी गए। उन्होंने कहा, हमने सीमा पर निगरानी बढ़ा दी है। कुछ फंसे हुए लोग सुबह से ही लौट रहे हैं। सभी के दस्तावेज़ों की जाँच के बाद उन्हें अंदर जाने दिया जा रहा है। हेल्पलाइन नंबर चालू कर दिए गए हैं। हमने सीमा पर पुलिस सहायता केंद्र खोल दिए हैं। चिंता करने की कोई ज़रूरत नहीं है। नेपाल से लौटे कटिहार निवासी तापस जोतदार ने कहा, नेपाल में हालात अभी भी खराब हैं। खाने-पीने की दिक्कत है। गैस नहीं मिल रही है। मैं चिंतित हूँ। परिवार के कुछ और लोग भी वहाँ हैं। मैं अपनी बेटी को साथ लाया हूँ।




# अलीपुर चिड़ियाघर में 24 घंटे में दो बाघिनों की मौत

**कोलकाता, 11 सितम्बर (निप्र)।** अलीपुर चिड़ियाघर में महज 24 घंटे के अंतराल में दो बाघिनों की मौत हो गई। दो दिनों में दोनों बाघिनों की मौत कैसे हुई, इसका रहस्य अभी भी बना हुआ है। केंद्रीय चिड़ियाघर समिति ने इस घटना की जाँच शुरू कर दी है। चिड़ियाघर प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं। अलीपुर चिड़ियाघर में 17 साल की बाघिन 'पायल' की मौत हो गई। पायल को 2016 में ओडिशा के नंदनकानन से लाया गया था। वह लंबे समय से कई बीमारियों से जूझ रही थी। बीमारी की वजह से वह चलने-फिरने में भी असमर्थ हो गई थी। उसने खाना-पीना भी बंद कर दिया था। मंगलवार को उसकी मौत हो गई। इसके बाद बुधवार सुबह 'रूपा' की मौत हो गई। अलीपुर में जन्मी सफेद बाघिन रूपा का जन्म 'कृष्णा' नाम की धारीदार बाघिन और 'अनिर्बान' नाम के सफेद बाघ से हुआ था।


व

**अदालत श्रीमान् सब जज द्वितीय, मुंगेर**
**दिवानी वाद संख्या-303/2021**

सोलन लाल मिश्रा ............................ वादी

**बनाम्**

दिवाकर बनर्जी वगैरह ..................... प्रतिवादी

नोटिस बनाम :-

1. दिवाकर बनर्जी पे.स्व. बिमल कुमार बनर्जी, साकिन-बनवर्षा, आई.बी. रोड, पो.+थाना : हवेली खड़गपुर, जिला : मुंगेर हाल मोकाम-94 वृन्दावन मल्लीक, थाना : बान्ट्रा (Bantra) पोस्ट : कदमतला, हावड़ा, पिन नं. : 711101, पश्चिम बंगाल। 2. दीपक बनर्जी, 3. राजा बनर्जी उर्फ सोमेश्वर बनर्जी, पेसरान : विमल कुमार बनर्जी, साकिन-53 वृन्दावन मल्लीक, थाना : बान्ट्रा (Bantra) पोस्ट : कदमतला, हावड़ा, पिन नं. : 711101, जिला : हावड़ा (पश्चिम बंगाल) 4. श्रीमती सुलेखा बनर्जी (गांगुली) जौजे श्री गिरीन्दरा कुमार गांगुली, पिता : विमल कुमार बनर्जी सा.- रामचन्द्र नगर, थाना : दक्षिण 24 परगना, जिला : दक्षिण 24 परगना। 5, श्रीमती रतना बनर्जी (मुखर्जी), जौजे : प्रदीप कुमार मुखर्जी, पिता : स्व. विमल कुमार बनर्जी, सा. : नगर पालिका हो.नं.-53, वृन्दावन मल्लीक लेन, थाना : बान्ट्रा, जिला : हावड़ा, पश्चिम बंगाल। 6. सुचन्दा बनर्जी, जौजे : स्वपन कुमार बनर्जी, पिता : स्व. विमल कुमार बनर्जी, सा. : पलराह (Palarah), थाना : भद्रेश्वर, जिला : हुगली, पश्चिम बंगाल ......................... प्रतिवादीगण

चूं बजरिये गजट प्रकाशन से आपको आगाह किया जाता है कि प्रार्थी ने दिवानी वाद 303/21 आपके विरुद्ध न्यायालय में दाखिल किया है जिसमें सम्मन प्राप्ति के उपरांत आप अदालत हाजा में उपस्थित नहीं हुए हैं। इसलिए प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उक्त वाद की अगली तिथि 17.09.2025 को मुकर्रर किया गया है। उक्त तिथि पर 10.30 बजे पूर्वान्ह में असालतन या वकालतन अदालत हाजा मं उपस्थिति होकर अपना उजूर पेश करें वरना आपकी अनुपस्थित में मुकदमा की सुनवाई एक पक्षीय असल में लायी जाएगी। इसे ताकिद समझें। अदालत के मोहर व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 23.8.25 को जारी किया गया।

**श्रीमान् सब जज द्वितीय, मुंगेर**



**e-Tender of Amta-I Panchayat Samity**

Sealed %rate tenders are invited from bonafide outsiders regarding tender having Tender Id **2025_ZPHD_899584_1. Bid submission (start date 09/09/25 from 5:00 p.m. & end date 23/09/25 at 5:00 p.m.)** For datails including corrigendum (if any) see wbtenders.gov.in and office notice board of this office.

Sd/-
Block Development Officer
Amta-I Development Block



**e-Tender of Amta-I Panchayat Samity**

Sealed %rate tenders are invited from bonafide outsiders regarding tender having Tender Id **2025_ZPHD_899801_1 to 8. Bid submission (start date 10/09/25 from 2:00 p.m. & end date 17/09/25 at 3:00 p.m.)** For datails including corrigendum (if any) see wbtenders.gov.in and office notice board of this office.

Sd/-
Executive Officer
Amta-I Panchayat Samity


# टेट पास करने वालों के विरोध प्रदर्शन से रणक्षेत्र बना विधानसभा इलाका

**कोलकाता, 11 सितम्बर (निप्र)।** महानगर कोलकाता के अन्यतम व्यस्त धर्मतला से लेकर विधानसभा इलाका आज टेट पास करने वालों के विरोध प्रदर्शन से रणक्षेत्र बन गया। देखते ही देखते जमकर हंगामा शुरु हुआ और प्रदर्शन कर रहें लोग पुलिस से भी भिड़ गए। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस तैनात की गई थी। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस के साथ जबरदस्त झड़प हुई। ऐसे में कुछ प्रदर्शनकारी बीमार पड़ गए। तमाम प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। बता दे कि, सबसे पहले धर्मतला इलाके में शुरू हुआ यह प्रदर्शन एस्प्लानेड मेट्रो स्टेशन के पास ही पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच टकराव में बदल गया। पुलिस ने बेरिकेड लगाकर आंदोलनकारियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी बेरिकेड तोड़ते हुए विधानसभा की ओर बढ़ने लगे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारी विधानसभा के गेट नंबर-2 के सामने धरने पर बैठ गए। पुलिस ने धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए उन्हें वहां से हटने को कहा, लेकिन आंदोलनकारी अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर कई अभ्यर्थियों को खींचकर प्रिजन वैन में बैठाया। वहीं कुछ अभ्यर्थी वैन के सामने ही बैठ गए, जिन्हें भी बाद में जबरन हटाया गया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि टेट पास करने के बाद भी तीन साल से वे नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उनका कहना है कि न तो इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू की गई है और न ही 50 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के वादे पर कोई ठोस कदम उठाया गया है।

# विश्व बांग्ला शारद सम्मान के लिए आवेदन 20 तक



**कोलकाता, 11 सितंबर (निज संवाददाता)।** विश्व बांग्ला शारद सम्मान- 2025 की घोषणा कर दी गई है। इस अवसर पर अवनींद्र सभागार में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन सूचना एवं संस्कृति विभाग द्वारा किया गया था। इस अवसर पर कार्यवाहक मंत्री इंद्रनील सेन, सूचना एवं संस्कृति सचिव शांतनु बसु, सूचना निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि आज से पुरस्कार के लिए आवेदन 20 तारीख तक ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। आवेदन ऑफलाइन भी किए जा सकते हैं। हालांकि, वैध फॉर्म कोलकाता सूचना केंद्र से ही प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके साथ ही, 5 अक्टूबर को रेड रोड कार्निवल के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। 4 अक्टूबर को जिला स्तर पर एक विशेष जुलूस निकालने का आदेश दिया गया है। गौरतलब है कि शरदोत्सव बंगाली संस्कृति का अभिन्न अंग है। राज्य सरकार ने बंगालियों के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा के दौरान कलाकारों की नित्य नवीन रचना और रचनात्मकता के लिए विश्व बांग्ला शारद सम्मान की घोषणा की। यह बंगाली कलात्मक भावना के गौरव को दुनिया के सामने लाने की एक पहल है। संयोग से, वर्ष 2013 से राज्य सरकार ने दुर्गा पूजा की सर्वश्रेष्ठ मान्यता के रूप में विश्व बांग्ला शारद सम्मान की घोषणा की है। अन्य वर्षों की तरह, इस वर्ष और विश्व भर में, सर्वश्रेष्ठ विश्व बांग्ला पूजा के सम्मान में, कोलकाता और उसके आसपास के जिलों सहित राज्य के सभी जिलों को भी देश-विदेश की पूजाओं में से कुछ सर्वश्रेष्ठ और चुनिंदा पूजाओं को राज्य सरकार द्वारा यह सम्मान दिया जाता है। चयन सर्वश्रेष्ठ पूजा, सर्वश्रेष्ठ मूर्ति, सर्वश्रेष्ठ मंडप और सर्वश्रेष्ठ सामाजिक जागरूकता के आधार पर किया जाएगा। इसकी घोषणा पंचमी और षष्ठी के दिन की जाएगी। कोलकाता और उसके आसपास तथा जिले की पूजाओं के परिणाम भी उसी समय घोषित किए जाएँगे।


**AFFIDAVIT**

I, PRADIP KUMAR HELA, Son of Sri Pooran Lal Hela residing at 42/H/7, Gokul Boral Street, Kolkata : 700 012, do hereby solemnly affirm that 'PRADIP KUMAR HELA' is my actual and correct name. That my said name has been recorded in some of my relevant documents as Pradip Lal Hela (i.e. issued Votor Identity Card, Driving Licence). Pradeep Kumar (i.e. issued by school certificate and in my marksheet) instead of Pradip Kumar Hela. That Pradip Kumar Hela & Pradip Lal Hela. Pradip Kumar are the same and one identicl person Vide affidavit No. 9039, dt. 14/2/12 in the Judicial Magistrate Court, Sealdah.



**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**

**Tender Notice**

Tender Vide e_NIT No.-07 of 2025-26 of EE/KNID has been invited by E.E., Kolkata North - I Division, Housing Directorate. Tender Id. 2025_HSD_901025_1,2. Bid Submission Closing Dt. 08/10/2025 upto 11:00 hrs. For detailed information visit web site http://wbtenders.gov.in. Sd/- Executive Engineer/Kolkata North I Division/HD **ICA- T19549(3)/2025**



**KOLKATA MUNICIPAL CORPORATION e-TENDER**

**ABRIDGED NIT**

**The Director General (Market), KMC** invites e-tender online percentage rate two bid system for the following work:

**NIT No.: KMC/MKT/MAIN/03/2025-26 (1st Call)**

Name of work : **Annual routine maintenance of S. S. Hogg Market, Futnani, Roxy & Hudco.** Estimated Cost (Incl. GST & CESS) : ₹ **15,00,000.00.** Earnest Money: ₹ **30,000.00** Period of Completion: **365 Days.** Last Date and Time submission of Bid : **13.10.2025 - 12 noon.** Date and Time opening of Bid: **15.10.2025 - 12.30 p.m.** The bid forms and other details are available on and from **12.09.2025 - 5 p.m.** from the website **https://wbtenders.gov.in.**

**The Director General (Civil), KMC** invites e-tender online item rate two bid system for the following works:

**1) NIT No.: KMC/DG(C)/Br-VII/058/044/2025-2026/R**

Name of work : **Renovation of dog pound at Dhapa Road in Ward - 58.** Estimated Cost (Incl. GST & CESS) : ₹ **23,17,946.48.** Earnest Money: ₹ **46,360.00** Period of Completion: **60 Days.**

**2) NIT No.: KMC/DG(C)/Br-VII/058/061/2025-2026**

Name of work : **Development of footpath infront of Metro Station (beside EM Bypass Service Road) in Ward No.-58.** Estimated Cost (Incl. GST & CESS) : ₹ **35,86,327.65.** Earnest Money: ₹ **71,800.00** Period of Completion: **90 Days.** Last Date and Time of submission of Bid : **08.10.2025 - 12 noon (for sl. No. 1 & 2).** Tender will be opened on: **10.10.2025 - 12.00 noon (for sl. No. 1 & 2).** The bid forms and other details are available on and from **12.09.2025 - 5 p.m.** from the website **https://etender.wb.nic.in (for sl. No. 1 & 2).** **1048/25-26**



**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**

**e-Tender Notice of e-NIT-10/BCWTD/JGM/2025-26**

P.O-cum-D.W.O, B.C.W & TD, Jhargram

| Tender Reference Number | Tender Id | End Date & Time of Submission |
|---|---|---|
| 10/BCWTD/JGM / 2025-26 | 2025_DMJHA_900136_1 | 26-Sep-2025 upto 04:00 PM |

Details may be seen on website http://wbtenders.gov.in

Sd/-
PO-cum-DWO
BCW & TD, Jhargram


# फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे भाजपा सांसद की गाड़ी को घेरकर प्रदर्शन



**हावड़ा, 11 सितम्बर (निप्र)।** दासनगर स्थित आरती कॉटन मिल के मैदान में आयोजित 'नरेंद्र कप फुटबॉल टूर्नामेंट' में पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शमीक भट्टाचार्य को तृणमूल कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। तृणमूल के इस विरोध प्रदर्शन में स्थानीय विधायक व खेल राज्यमंत्री मनोज तिवारी भी शामिल थे। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने मिल के बाहर भाजपा सांसद की गाड़ी को घेरकर नारेबाजी की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस पहुंची। रैफ को तैनात कर दिया गया। हालांकि दोनों नेताओं की सूझबूझ से स्थिति बहुत जल्द नियंत्रित हो गयी। बता दें कि, आरती कॉटन मिल पिछले कई महीनों से बंद है। प्रदर्शन जारी रहने के दौरान मनोज तिवारी और शमीक भट्टाचार्य में बातचीत हुई। भाजपा सांसद ने तृणमूल नेता से पूछा कि आखिर एक खिलाड़ी होकर वह खेल को क्यों बंद करवाना चाहते हैं। इसके जवाब में खेल राज्यमंत्री ने कहा कि वह खेल बंद करवाने नहीं आये हैं। जिस मिल में यह खेल आयोजित किया गया है, वह कई दिनों से बंद है। मजदूरों का वेतन बकाया है। यह अस्वीकार्य है। ऐसी स्थिति में उन मजदूरों के बारे में सोचे बिना मिल के मैदान में कैसे फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। इसके जवाब में शमीक भट्टाचार्य ने कहा कि वह इस मिल को लेकर संसद में सवाल उठा चुके हैं। बंगाल के सभी मिलों को लेकर वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से भी बातचीत हुई है। इन मिलों को ठीक करने की जरूरत है। केंद्र सरकार इसके लिए फंड आवंटित करेगी, लेकिन राज्य को भी आगे आना होगा। दोनों सरकार को एक साथ मिलकर काम करना होगा, तभी मिलों की स्थिति सुधरेगी। आखिरकार, भाजपा सांसद की बात से तृणमूल नेता संतुष्ट हुए। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। शमीक भट्टाचार्य ने कहा कि मैं यहां कोई राजनीतिक बात नहीं करना चाहता हूं। एक फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के लिए पहुंचा हूं। हालात शांत होने के बाद श्री भट्टाचार्य ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।


**कोलकाता-गुवाहाटी वन वे स्पेशल ट्रेन**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के निपटान के लिए, **03125 कोलकाता-गुवाहाटी वन वे स्पेशल** ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, चलने की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:

| स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
|---|---|---|---|
| **कोलकाता** | -- | **23.40** | 14.09.2025 (Sunday) |
| नैहाटी जं. | 00.28 | 00.30 | 15.09.2025 (Monday) |
| बैण्डेल जं. | 00.55 | 00.57 | |
| आजिमगंज जं. | 03.30 | 03.35 | |
| मालदा टाउन | 06.20 | 06.30 | |
| न्यू जलपाईगुड़ी | 10.45 | 10.55 | |
| न्यू अलीपुरद्वार | 12.50 | 12.52 | |
| **गुवाहाटी** | **19.00** | -- | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन मार्ग में नवद्वीप धाम, कटवा, जंगीपुर रोड, बरसोई जं., किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड, धूपगुड़ी, न्यू कूचबिहार, गोसाईगांव हाट, कोकराझार, न्यू बोंगाईगांव जं., गोवालपारा टाउन और कामाख्या जं. स्टेशनों पर भी रुकेगी। **चलने का दिन और तिथि: कोलकाता से - 03125** दिनांक 14.09.2025 (रविवार) को = 01 फेरे। **गठन:** एसी 2-टियर-02, एसी 3-टियर-07, स्लीपर क्लास - 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 04, पावर कार-01, एलएसएलआरडी-01 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस। मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**The West Bengal Power Development Corporation Limited**
(A Govt. of West Bengal Enterprise)
Corporate Identity No. U40104WB1985SGC039154
**Kolaghat Thermal Power Station**
P.O. - Mecheda, Dist. - East Midnapore, PIN - 721 137

**Notice Inviting E-Tender**

**Ref No. WBPDCL/Tend-Adv/25-26/KTPS/CC-4191, Dtd: 10/09/25**

**NIT No: WBPDCL/KTPS/NIT/E3530/25-26**

E-Tenders in prescribed format are invited at https://wbtenders.gov.in by the General Manager, KTPS, WBPDCL from eligible Agencies/Companies in 2 part bid system for **"Procurement of MS ERW pipe for Renovation & Upgradation of MS ERW pipe of Old fire water line under F&S deptt., KTPS through Capex 25-26". Tender document download start date:** 15/09/2025 at 14:00 hrs. and **Bid submission end date:** 18/10/2025 at 15:00 hrs. **Contact Person:** Mr. S. Das, DGM & HOD, Purchase, KTPS. **Contact No.:** 8336904051. **E-mail:** sdas01@wbpdcl.co.in. For details please visit: **https://wbtenders.gov.in**

**ICA- T19542(3)/2025**



**The West Bengal Power Development Corporation Limited**
(A Govt. of West Bengal Enterprise)
Corporate Identity No. U40104WB1985SGC039154
**Kolaghat Thermal Power Station**
P.O. - Mecheda, Dist. - East Midnapore, PIN - 721 137

**Notice Inviting E-Tender**

**Ref No. WBPDCL/Tend-Adv/25-26/KTPS/CC-4195, Dtd: 10/09/25**

**NIT No: WBPDCL/KTPS/NIT/E3544/25-26**

E-Tenders in prescribed format are invited at https://wbtenders.gov.in by the General Manager, KTPS, WBPDCL from eligible Agencies/Companies in 2 Part bid system for **"RC for Repairing of Spares of different Load Bearing Equipment (as & when required basis) for two years under BM, KTPS." Tender Document Download Start Date:** 16.09.2025 at 14:00 Hrs., **Bid Submission End Date:** 15.10.2025 at 14.00 Hrs. **Contact Person:** Mr. Krisanu Gupta, Sr. Manager (PS) (Contract Cell), KTPS. **Contact No.:** 8336909047. **E-mail:** kgupta@wbpdcl.co.in. For details please visit: **https://wbtenders.gov.in** **ICA- T19544(3)/2025**



**The West Bengal Power Development Corporation Limited**
(A Govt. of West Bengal Enterprise)
Corporate Identity No. U40104WB1985SGC039154
**Kolaghat Thermal Power Station**
P.O. - Mecheda, Dist. - East Midnapore, PIN - 721 137

**Notice Inviting E-Tender**

**Ref No. WBPDCL/Tend-Adv/25-26/KTPS/CC-4199, Dtd: 10/09/25**

**NIT No: WBPDCL/KTPS/NIT/E3546/25-26**

E-Tenders in prescribed format are invited at https://wbtenders.gov.in by the General Manager, KTPS, WBPDCL from eligible Agencies/Companies in 2 part bid system for **"Procurement of Nitrogen & Carbon Di-Oxide Gas alongwith Cylinder Testing & Maintenance under Operation deptt., KTPS." Tender document download start date:** 25/09/2025 at 14:00 hrs. and **Bid submission end date:** 22/10/2025 at 15:00 hrs. **Contact Person:** Mr. S. Das, DGM & HOD, Purchase, KTPS. **Contact No.:** 8336904051. **E-mail:** sdas01@wbpdcl.co.in. For details please visit: **https://wbtenders.gov.in** **ICA- T19546(3)/2025**



**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)
जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075

**31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणाम**
(सेबी के परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/डीडीएचएस_डीआईवी1/पी/सीआईआर/2022/0000000103 दिनांक 29 जुलाई, 2022 के अनुसार)

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही की समाप्ति पर | | वर्ष की समाप्ति पर |
|---|---|---|---|---|
| | | 31 मार्च, 2024 | 31 मार्च, 2023 | 31 मार्च, 2024 |
| | | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय* | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (पिछली अवधि, कर, असाधारण एवं अथवा विशिष्ट मदों से पूर्व) | (28,553.26) | (27,724.41) | (80,376.83) |
| 3. | कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं अथवा विशिष्ट मदों के बाद) | (23,137.56) | (28,878.25) | (80,079.22) |
| 4. | कर पश्चात् अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं अथवा विशिष्ट मदों के बाद) | (23,137.56) | (28,878.25) | (80,079.22) |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय के बाद (कर पश्चात्)** | (23,137.56) | (28,878.25) | (80,079.22) |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (शेयरधारकों का निधि)*** | 70,817,757.84 | 49,532,132.03 | 70,817,757.84 |
| 7. | संचिक कोष (पुनर्मूल्यांकन संचित कोष को छोड़कर) | - | - | - |
| 8. | नेटवर्थ (6-7) | 70,817,757.84 | 49,532,132.03 | 70,817,757.84 |
| 9. | प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 33,537,319.66 | 34,311,423.55 | 33,537,319.66 |
| 10. | बकाया प्रतिदेय अधिमान्य शेयर्स | - | - | - |
| 11. | ऋण इक्विटी अनुपात**** | 0.47 | 0.69 | 0.47 |
| 12. | प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक ₹ ........./- का) (निरंतरता एवं गैर-निरंतरता प्रचालनों हेतु) 1. बेसिक 2. डायल्यूटेड | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |
| 13. | पूंजी विमोचन संचित कोष | - | - | - |
| 14. | डिबेंचर विमोचन संचित कोष | - | - | - |
| 15. | ऋण सेवा कवरेज अनुपात | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |
| 16. | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |

*प्राधिकरण के पास भारत सरकार की ओर से परिसंपत्तियां है, इसलिए संचालनों से कोई आय नहीं है।

**प्राधिकरण की लेखा नीति के आधार पर व्ययों को पूंजीकृत किया गया है।

***शेयरधारकों की निधि = पूंजी आधार, उप कर निधि, अतिरिक्त बजटीय समर्थन, इनवीट से आय, टोल प्लाजाओं के रखरखाव व्यय तथा रिजर्व और अधिशेष/लाभ एवं हानि खाते के बकाया ऋण की कटौती के पश्चात् जमा टोल की वापसी के बाद की कुल राशि।

****ऋण इक्विटी अनुपात = बकाया ऋण/शेयरधारकों की निधि।

क) उपरोक्त विवरण एलओडीआर नियम के विनियम 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दर्ज तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (**www.bseindia.com** एवं **www.nse.india.com**) तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की वेबसाइट (**www.nhai.gov.in**) पर उपलब्ध है।

ख) एलओडीआर निमय के विनियम 52(4) में संदर्भित अन्य लाइन मदों के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को उचित उद्घोषणा कर दी गई है तथा जो वेबसाइट (**www.bseinida.com** एवं **www.nse.india.com**) पर देखी जा सकती है।

**प्राधिकरण के बोर्ड के लिए एवं की ओर से**

दिनांक: 11.09.2025
स्थान: नई दिल्ली

ह./-
सदस्य (वित्त)

ह./-
अध्यक्ष



सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी



● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुंबई से समुद्र प्रदक्षिणा नामक पहली तीनों सेनाओं की महिला जलयात्रा नौकायन अभियान को वर्जुअली हरी झंडी दिखाई।

# विविधा

● केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।






## आसनसोल मंडल का विक्रेताओं के लिए क्यूआर-कोड




**आसनसोल, 11 सितंबर (नि.प्र.)।** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सभी लाइसेंस प्राप्त खानपान विक्रेताओं को नारंगी टैग वाले क्यूआर कोड-आधारित पहचान पत्र जारी करना शुरू कर दिया है। इस कदम का उद्देश्य अवैध विक्रय पर अंकुश लगाना, उचित स्वच्छता सुनिश्चित करना और स्टेशनों तथा ट्रेनों में यात्रियों को सुरक्षित एवं विश्वसनीय खानपान सेवाएँ प्रदान करना है। प्रत्येक विक्रेता पहचान पत्र पर एक विशिष्ट क्यूआर कोड रहेगा, जिसे स्कैन करके विक्रेता के विवरण जैसे नाम, लाइसेंस धारक, आधार संख्या, पुलिस सत्यापन स्थिति और मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र की तुरंत पुष्टि की जा सकती है। केवल उन्हीं विक्रेताओं को यात्रियों को सेवा देने की अनुमति है जिन्होंने पुलिस सत्यापन और मेडिकल फिटनेस परीक्षण सफलतापूर्वक पास कर लिया है।

## आरपीएफ, पू.रे. ने अपराधी को किया गिरफ्तार



**कोलकाता, 11 सितंबर (नि.प्र.)।** यात्री सुरक्षा बढ़ाने और रेलवे परिसरों में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए मिशन यात्री सुरक्षा के तहत चल रहे अभियान के तहत, सियालदह मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने यात्री सामान चोरी करने वाले एक कुख्यात अपराधी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है। स्थानीय जनता से प्राप्त सूचना के आधार पर, एक व्यक्ति को एक यात्री से सोने का आभूषण छीनने के आरोप में हिरासत में लिया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए, आरपीएफ/पोस्ट/बरुईपुर के लक्ष्मीकांतपुर के आरपीएफ अधिकारियों ने जीआरपीएस/लक्ष्मीकांतपुर के साथ मिलकर आरोपी को कुलपी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान, लगभग 12 ग्राम वजन और लगभग 1,20,000 रुपये मूल्य का एक सोने का आभूषण बरामद किया गया।

## हावड़ा मंडल ने सफाई अभियान चलाया



**कोलकाता, 11 सितंबर (नि.प्र.)।** चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत, पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने 11 सितंबर, 2025 को एक विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि स्टेशन कैंटीनों और खानपान सेवाओं से जुड़े खाद्य विक्रेता, रसोइये और वाहक उचित वर्दी के साथ स्वच्छता संबंधी प्रथाओं का सख्ती से पालन करें। यह अभियान हावड़ा, बंदेल, बर्धमान, दानकुनी, रामपुरहाट और बरुईपारा स्टेशनों पर चलाया गया, जिसमें पूर्वी रेलवे के सबसे व्यस्त टर्मिनलों में से एक हावड़ा स्टेशन पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान, कर्मचारियों और खाद्य संचालकों को उचित स्वच्छता मानकों, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के बारे में जागरूक किया गया। हावड़ा मंडल स्वच्छता अभियान के तहत इन प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे एक स्वच्छ और यात्री-अनुकूल रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान मिल सके।

## हिंदी कविता आवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन



**कोलकाता, 11 सितम्बर (नि.प्र.)।** उत्तर कोलकाता स्थित प्रतिष्ठित वेलैण्ड गोल्डस्मिथ स्कूल में हिंदी कविता आवृत्ति प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को तीन विभागों में विभाजित किया गया था। विभाग 'क' में कक्षा 6 से 8, विभाग 'ख' में कक्षा 9 और 10, जबकि विभाग 'ग' में कक्षा 11 और 12 की छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने आधुनिक काल के कवियों की रचनाओं का सजीव और प्रभावशाली आवृत्ति कर दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल में कलकत्ता बॉयज स्कूल के डॉ. त्रिलोकनाथ पांडेय तथा लोरेटो डे स्कूल, धर्मतला की वरिष्ठ अध्यापिका बबीता दुबे सम्मिलित रहीं। निर्णायकों ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्राओं की साहित्यिक अभिरुचि सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ हिंदी अध्यापिका अनुपमा इमाम ने किया। प्रतियोगिता का समापन डॉ. त्रिलोकनाथ पांडेय की कविता-पाठ से हुआ, जिसने समारोह को एक विशेष गरिमा और भावपूर्ण परिणति प्रदान की।

## जीआई एंडोस्कोपी सर्जन्स को मिला प्रशिक्षण सत्र



**कोलकाता, 11 सितम्बर (नि.प्र.)।** कोलकाता महानगर के सुप्रसिद्ध कंसल्टेंट सर्जिकल गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. सत्यप्रिय दे सरकार की अगुवाई में जीडीडीआई हॉस्पिटल ने फेस्ट 8 का आयोजन किया, जो जीआई एंडोस्कोपी सर्जनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में हुआ। इसे डॉ. ईश्वरामूर्ति के नेतृत्व में डॉ. बोरगांवकर, डॉ. कनागवेल, डॉ. सेंटिल और डॉ. शक्तिवेल ने सफलतापूर्वक संचालित किया। पूर्वी भारत के 12 सर्जन्स-पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, मणिपुर, उत्तर प्रदेश और झारखंड से-ने प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम में सैद्धांतिक व्याख्यान, अत्याधुनिक सिमुलेटर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण और 12 प्रकार की थैरेप्यूटिक एंडोस्कोपी का प्रदर्शन शामिल था। डॉ. अर्कोप्रवो नाथ, डॉ. असिम मन्ना और डॉ. हनी माईती ने कक्षाएं लीं। बांग्लादेश के एंडोस्कोपी के जनक प्रोफेसर तोव्हिद ने व्यक्तिगत वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण को और बेहतर बनाया। जीडीडीआई प्रबंधन, कल्याणजी की टीम, ओलिंपस टीम और ऑडियो/वीडियो टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाया। विभागीय स्टाफ और स्वागत टीम-शिखा, चैती, इला, सुमनाथ, जहानारा, निर्मला, जायिता, चैताली और सुदेशना-ने भी पूरी सक्रियता दिखाई। पाँचवीं बार लगातार कोलकाता पूर्वी क्षेत्र के राष्ट्रीय प्रशिक्षण का केंद्र बन चुका है।

## अभिषेक बनर्जी की नजर नंदीग्राम पर



**कोलकाता, 11 सितम्बर (नि.प्र.)।** 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र में शुभेन्दु अधिकारी से मात्र 1956 वोटों से हार गईं। इसके बाद से भाजपा ने नंदीग्राम में अपनी ताकत बढ़ा दी। विधानसभा चुनाव अगले साल हैं। तृणमूल 2021 की पुनरावृत्ति नहीं चाहती। नंदीग्राम के लोगों का मन टटोलने के लिए 'टीम एबी' यानी 'टीम अभिषेक बनर्जी' विधानसभा में समय से पहले ही उतर गई है। सलाहकार संस्था एआईपीएसी के साथ, तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के प्रतिनिधि भी नंदीग्राम में घूम रहे हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल भारी बहुमत के साथ तीसरी बार राज्य की सत्ता में आई। नंदीग्राम में उसे बड़ी सफलता मिली। ममता बनर्जी वहाँ हार गईं। तृणमूल ने मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में केस भी दायर किया। वह मामला अभी तक सुलझा नहीं है। इस बीच, एक और विधानसभा चुनाव दस्तक दे रहा है।

## सिनेमा उद्योग विज्ञान व प्रौद्योगिकी पर आधारित : गौतम घोष



**कोलकाता, 11 सितम्बर (नि.प्र.)।** सिनेमा का जन्म अजीब अनिश्चितताओं के बीच हुआ क्योंकि यह उद्योग विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आधारित है। इसलिए यह हर पल बदल रहा है। उक्त बात आज विवेकानंद कॉलेज, ठाकुरपुकुर में 'स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' के उद्घाटन के दौरान प्रख्यात फिल्म निर्देशक गौतम घोष ने कही। जहां वृत्तचित्र निर्देशक शिला दत्ता और अनूप रॉयचौधरी भी उपस्थित थे। फिल्म निर्देशक गौतम घोष ने आगे कहा कि, यह भी ठीक है कि, सिनेमा का जन्म अजीब अनिश्चितताओं के बीच हुआ और बदलाव जारी है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक, विवेकानंद कॉलेज के प्रभारी शिक्षक नबकिशोर चंदा ने कहा, यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 11 सितंबर को विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद के भाषण की 132वीं वर्षगांठ और हमारे कॉलेज की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद, पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम जारी रहेंगे। इसके अतिरिक्त, हमारे कॉलेज ने इस वर्ष एनएएसी मूल्यांकन में 'ए प्लस' रेटिंग प्राप्त की है। बहरहाल यहां भारत सहित कनाडा, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन और बांग्लादेश से एकत्रित 26 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों के प्रदर्शन की व्यवस्था की गई है। यह फिल्म महोत्सव 13 सितंबर तक चलेगा।



*हिन्दमोटर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैराक बुला चौधरी के चोरी हुए पद्मश्री समेत विभिन्न मेडल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। जिन्हें श्रीरामपुर के डिप्टी पुलिस कमिश्नर अर्णव विश्वास ने बुला चौधरी को उत्तरपाड़ा थाना के माध्यम से सौंप दिया।*

## हाजरा पार्क दुर्गोत्सव की थीम 'दृष्टिकोण'

**कोलकाता, 11 सितंबर (नि.प्र.)।** हाजरा पार्क दुर्गोत्सव कमेटी इस वर्ष अपने 83वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह कमेटी अपनी विरासत को केवल एक उत्सव से कहीं अधिक, समावेशिता, परंपरा और सामुदायिक भावना में निहित एक आंदोलन के रूप में कायम रखे हुए है। 1942 में कोलकाता निगम के तत्कालीन मेयर सुभाष चंद्र बोस के दृष्टिकोण से स्थापित इस पूजा की परिकल्पना उन हाशिए पर पड़े लोगों को गले लगाने के लिए की गई थी जिन्हें लंबे समय से मुख्यधारा के उत्सवों से अलग रखा गया था। पद्मपुकुर में अपनी शुरुआत से लेकर हाजरा पार्क में स्थायी रूप से स्थापित होने तक, यह पूजा अपने मूल आदर्शों के प्रति सच्ची लगन के साथ बड़े पैमाने पर विकसित हुई है। 2016 से, इसे गर्व से हाज़रा पार्क दुर्गोत्सव के रूप में जाना जा रहा है। इस वर्ष, हज़रा पार्क दुर्गोत्सव अपनी थीम दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहा है। दूरदर्शी कलाकार बिमान साहा द्वारा परिकल्पित यह विषय वस्तु, इस मंडप में रंगों को न केवल एक दृश्य आनंद के रूप में, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति की एक गहन भाषा के रूप में भी प्रस्तुत करेगी।

## कॉर्टेवा एग्रीसाइंस का जोरवेक एंटेक्टाएँ लांच

**कोलकाता, 11 सितम्बर (नि.प्र.)।** कॉर्टेवा एग्रीसाइंस ने आज ज़ोरवेक एंटेक्टाएँ का अनावरण किया है, जो भारत में अंगूर और आलू दोनों की खेती में क्राँति लाने वाला नया फफूंदनाशक है। विश्व स्तर पर सफल ज़ोरवेकएँ तकनीक पर आधारित यह उन्नत समाधान, किसानों को अंगूर में डाउनी मिल्ड्यू (प्लास्मोपारा विटिकोला) और आलू में लेट ब्लाइट (फाइटोफ्थोरा इन्फेस्टन्स) जैसी विनाशकारी बीमारियों से सशक्त सुरक्षा प्रदान करता है। इसका परिणाम स्वस्थ फसलें, उच्च उपज और बेहतर गुणवत्ता वाली पैदावार के रूप में सामने आता है। ज़ोरवेक एंटेक्टाएँ उन्नत रसायन विज्ञान और दमदार प्रदर्शन का एक बेजोड़ संयोजन प्रस्तुत करता है। इसके सक्रिय तत्व ओमाइसेट्स पौधों की बीमारियों के खिलाफ मजबूत और विश्वसनीय नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। यह नवाचार चुनौतीपूर्ण मौसमी परिस्थितियों में भी शक्तिशाली, दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है, जिससे किसानों को अद्वितीय स्थिरता और नियंत्रण मिलता है।

## स्विफ्ट टीवी और होइचोई का बड़ा कदम

**नई दिल्ली, 11 सितम्बर (वि.प्र.)।** भारत का तेजी से बढ़ता फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टेलीविजन प्लेटफ़ॉर्म स्विफ्ट टीवी अब लेकर आया है एक ऐतिहासिक साझेदारी। लोकप्रिय बांग्ला और हिंदी ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म होइचोई की फिल्मों और वेब सीरीज़ अब स्विफ्ट टीवी ऐप पर बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध होंगी। स्विफ्ट टीवी ने विशेष रूप से होइचोई लाइव चैनल तैयार किया है। हिंदी कंटेंट का चैनल पूरी दुनिया में, भारत सहित, उपलब्ध होगा। स्विफ्ट टीवी के संस्थापक और सीईओ अभिषेक सिंह ने कहा यह साझेदारी भारत के क्षेत्रीय मनोरंजन को नई ऊंचाई देगी। होइचोई के सीओओ सौम्य मुखर्जी ने कहा स्विफ्ट टीवी के साथ हमारा जुड़ाव हमें और व्यापक दर्शकों तक पहुंचाएगा।


पश्चिमबঙ্গ সরকার

পিতা-মাতা/অভিভাবকের অনুসন্ধানের জন্য বিজ্ঞপ্তি



শিশুটির বিবরণ

নামঃ অজানা @ আস্থা, বয়স/জন্মঃ ৬ বছর, লিঙ্গঃ স্ত্রী, প্রাপ্তির দিনঃ ০১.০৯.২০২৫, বর্তমান অবস্থানঃ হোপ্ কলকাতা ফাউন্ডেশন, কসবা গার্লস হোম, ১/২/১বি/১, ধর্মতলা রোড কলকাতা-৭০০০৪২, উচ্চতাঃ ৯৯ সে.মি. ; গায়ের রংঃ শ্যামবর্ণা, পরনের পোশাকঃ গোলাপি রঙের ফুলের নক্সা করা ফ্রক, থানা ও তারিখ সহ জি.ডি.ই. নম্বরঃ থানাঃ বালিগঞ্জ ; জি.ডি.ই. নম্বরঃ ১৪ ; তারিখঃ ০১.০৯.২০২৫। যোগাযোগের বিশদ বিবরণঃ ডিস্ট্রিক্ট চাইল্ড প্রোটেকশান ইউনিট, কলকাতা, ঠিকানাঃ শুভান্ন বিল্ডিং (সপ্তম তল), ডি. এফ.-৯, সেক্টর -১, সল্টলেক সিটি, কলকাতা-৭০০০৬৪

আইসিএ-ডি ১৮৭০ (৩)/২০২৫



GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Surya Das,** Father's Name -**Subash Das,** of Maa Tara Apartment - 2, Ground Floor, Vidyasagar pally, PO - Aswininagar, PS -Baguiati, Dist - North 24 Parganas, WB, who has been missing since 29.08.2025, at about 09.00 hrs, from Residential area under Maa Tara Apartment - 2, Ground Floor, Vidyasagar pally, PO - Aswininagar, PS -Baguiati, Description of this missing person is : **Age-** 18 Years , **Complexion** - Fair, **Height**-5 Feet 6 Inch, **Wearing** -T Shirt and track pant, **Language** - Bengali. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph.. No.-033-2450-6120.

ICA- D 1868(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Sneha Sikder,** Father's Name -**Lt. Sibhu Sikder,** Mother's Name - **Swapna Sikder**, of Baruihati, PO - Prithiba, PS - Habra, Dist - North 24 Parganas, West Bengal, who has been missing since 17.08.2025, at about 20.30 hrs, from Residential area under Baruihati, PO - Prithiba, PS - Habra, Description of this missing person is : **Age-** 18 Years + at the time of missing, **Complexion** - Dark, **Height**-5 Feet 2 Inch, **Wearing** -Churidar, **Language** - Bengali. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph.. No.-033-2450-6120.

ICA- D 1867(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Rehena Mondal,** Father's Name -**Lt. Jafar Ali Mondal,** Mother's Name - **Mafuja Mondal**, of Vill - Kashipur, PO - Kumra Kashipur, PS - Habra, Dist - North 24 Parganas, West Bengal, who has been missing since 13.03.2025,from Residential area under Vill - Kashipur, PO - Kumra Kashipur, PS - Habra, Description of this missing person is : **Age-** 22 Years, **Complexion** - Sallow, **Height**-5 Feet 2 Inch, **Wearing** -Churidar & Leggings, **Language** - Bengali. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph.. No.-033-2450-6120.

ICA- D 1866(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Fulmala Sarkar,** Father's Name -**Shymal Sarkar,** of Kustia, PS - Tehatta, Dist - Nadia, WB, who has been missing since 09.01.2024, at about 06.00 hrs, from Residential area under Kustia, PS - Tehatta, Description of this missing person is : **Complexion** - Fair, **Height**-4 Feet 11 Inch, **Wearing** -White Jacket & Black pant, **Language** - Bengali. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph.. No.-033-2450-6120.

ICA- D 1865(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Unidentified Male Deadbody,** found on 25.07.2025, at about 08.25 hours, Found at DN line outside of the track in between KM post No 28/34 and 28/32, Description of this Deadbody is: **Age-** 60 Years (Approx), **Sex:** Male, **Height**-5 Feet 6 Inch, **Complexion**-Fair, **Build-** Medium, **Hair**- Black & White, **Wearing**- Red colour half T shirt, white check torn shirt,sky colour check lungi, Black half pant. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph. No.-033-2450-6120.

ICA-D 1864(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Unknown Female Deadbody**, found on 22.06.2025, Found Lying outside the track UP line between KM Post No. 55/11 - 55/13 in between Suri R/S to Kunuri R/S, Description of this Deadbody is: **Age-** 50 Years, **Sex:** Female, **Complexion**-Sallow, **Height**-5 Feet 1 Inch, **Build-** Thin, **Hair**-Black, **Wearing** - Yellow printed saree, orange colour blouse, light yellow colour petticoat. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph. No.-033-2450-6120.

ICA-D 1863(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Hiranmoyee Biswas,** Father's Name -**Dipankar Biswas,** of Bahirgachi Purbapara, PS - Dhantala, Dist - Nadia, WB, who has been missing since 16.04.2025, at about 05.00 hrs, from Residential area under Bahirgachi Purbapara, PS - Dhantala, Description of this missing person is : **Age-** 16 Years, **Complexion** - Shyambarna, **Height**-5 Feet, **Wearing** - White Churidar, **Language** - Bengali. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph.. No.-033-2450-6120.

ICA- D 1862(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Jaber Sk,** Father's Name -**Kalam Sk,** of Vill & PO - Ratanpur, PS - Samsherganj, Dist - Murshidabad, who has been missing since 18.03.2025, at about 18.00 hrs, from Residence under Samsherganj PS, Description of this missing person is : **Age-** 16 Years, **Complexion** - Fair, **Height**-5 Feet 6 Inch, **Wearing** -Red colour T shirt and Jeans. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph.. No.-033-2450-6120.

ICA- D 1861(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Priyanshu Verma,** Father's Name -**Ram Prasad Verma,** of Vill - 148 B.M.Road, Champdani, PS - Bhadreswar, Dist - Chandranagar PC, who has been missing since 04.07.2025, at Morning, from under Bhadreswar PS, Description of this missing person is : **Age-** 10 Years, **Complexion** - Fair, **Height**-3 Feet 7 Inch, **Wearing** -Shirt check red & Black colour and half brown colour pant. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph.. No.-033-2450-6120.

ICA- D 1860(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Sanchita Ghosh,** Father's Name -**Prankesto Ghosh,** of Dihipara, PO - Sian, PS - Bolpur, PIN - 731204, Dist - Birbhum, WB, who has been missing since 27.09.2023, at about 06.00 Hrs, from Residential area under Dihipara, PO - Sian, PS - Bolpur, Description of this missing person is : **Age-** 14 Years 09 Month, **Complexion** - Fair, **Height**-4 Feet 11Inch, **Wearing** - White Frock, Language - Bengali. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph.. No.-033-2450-6120.

ICA- D 1859(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of missing person **Afroze Ahmed, Son of Lt. Rashid Ahmed** of 17, Phears Lane, Kolkata – 700012, who has been missing since **26.08.2025** from his residence. **Description of this missing person is: Age** – 55 Years, **Height** – 5'7", **Complexion** – Fair, **Built** – Medium, **Wearing** – Blue Shirt and Blue Print Lungi, **Peculiarity if any** – Mental Disorder. please inform whereabouts of the missing person, contact to the O.C., Missing Persons Squad, Detective Department, Kolkata Police, Lalbazar, Kolkata - 700001. (Telephone No. 033 – 2214 -1835, 9874902710).

ICA-D1873(3)/2025

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of missing person **Jaya Nag, Wife of Subal Nag** of 243/2C/H/26, APC Road, Kolkata – 700006, PS - Burtolla, who has been missing since **01.09.2024** from her residence. **Description of this missing person is: Age** – 54 Years, **Height** – 5'3", **Complexion** – Fair, **Built** – Slim, **Wearing** – White Colour Saree, **Peculiarity if any** – Mental Disbalance. please inform whereabouts of the missing person, contact to the O.C., Missing Persons Squad, Detective Department, Kolkata Police, Lalbazar, Kolkata - 700001. (Telephone No. 033 – 2214 -1835, 9874902710).

ICA-D1869(3)/2025



# भारतीय रिज़र्व बैंक

## विदेशी मुद्रा विभाग, कोलकाता

### एफएफएमसी लाइसेंस को रद्द करना

विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 की धारा 10(3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने लाइसेंस को स्वेच्छा से वापस करने हेतु निम्नलिखित कंपनी के संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफ़एफ़एमसी) लाइसेंस को रद्द कर दिया है।

| क्र. सं. | नाम एवं पंजीकृत कार्यालय का पता | लाइसेंस संख्या | जारी किया गया दिनांक | रद्दीकरण आदेश दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आचार्जी फोरेक्स & ट्रावेल्स प्राइवेट लिमिटेड 142 बाचा राम चटर्जी रोड, बेहाला, दक्षिण 24 परगना, कोलकाता– 700034, पश्चिम बंगाल | KOL-FFMC-0753-2024 | 10 जून 2024 | 20 अगस्त 2025 |

रद्द करने के परिणामस्वरूप, उपरोक्त एफएफएमसी भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (https://www.rbi.org.in) पर उपलब्ध दिनांक 01 जनवरी 2016 के मुद्रा परिवर्तक गतिविधियों पर मास्टर निर्देश, जो समय-समय पर अद्यतन किया गया है, में विनिर्दिष्ट मुद्रा परिवर्तन संबंधी गतिविधियाँ या लेनदेन नहीं करेंगे।

हस्ता/-

**दिनांक: 12-09-2024**

उप महाप्रबंधक



# फेम है तो उन्हें कोई समस्या नहीं

**श्रिया पिलगांवकर फिल्में डायरेक्ट और प्रोड्यूस करनी हैं**

श्रिया पिलगांवकर ना केवल एक सशक्त कलाकारा हैं बल्कि एक प्रशिक्षित कथक नृत्यांगना, निर्देशक और उभरती हुईं लेखिका भी हैं। उनका मानना है कि महिलाओं को स्क्रीन और सेट दोनों जगह अपनी आवाज बुलंद करने का पूरा हक है। अभिनय के अलावा वे निर्देशन भी पहले कर चुकी हैं और अब लेखन की ओर बढ़ रही हैं। उनकी यह बातचीत ना केवल इंडस्ट्री के पीछे की असलियत उजागर करती है बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे एक कलाकार लगातार खुद को खोजता रहता है, कभी कथक के मंच पर, कभी क्राइम ड्रामा की वर्दी में और कभी निर्देशक की कुर्सी पर। बीते दिनों अपनी वेब सीरीज 'छल कपट' के लिए लखनऊ आईं श्रिया ने लखनऊ के साथ अपने पुराने जुड़ाव को याद करते हुए अपनी रचनात्मक यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बातचीत की।

**स्क्रीन पर कथक दिखाने का मौका मिल जाए**

मैं कथक डांसर हूं और यहां कथक घराना भी है। मैं जयपुर-लखनऊ मिक्स घराना करती हूं। सांस्कृतिक रूप से लखनऊ बहुत संपन्न है। मुझे आशा है कि अगर एक कलाकारा के तौर पर मौका मिलेगा किसी लाइव लोकेशन पर बढ़िया सा गाना शूट करने का तो मैं नहीं छोड़ूंगी। फिलहाल, अभी मुझे अपने डांस का हुनर दिखाने का स्क्रीन पर उतना मौका नहीं मिला है। मैं प्रार्थना कर रही हूं कि मुझे अपने कथक का टैलंट स्क्रीन पर दिखाने का मौका मिल जाए। मैं खुद को खुशकिस्मत समझती हूं कि बीते कुछ साल में मुझे बहुत अच्छे किरदार करने को मिले हैं। हालांकि, अब तक एक टिपिकल मसाला टाइप फिल्म नहीं मिली है। सीरीज वाली हिरोइन टाइप फिल्में तो खूब मिली हैं। मैं चाहती हूं कि कभी इसका भरपूर मौका मिले।

**ऐक्टर को इमोशनली बहुत स्ट्रॉन्ग रहना पड़ता है**

आप जब एक ऐक्टर की जिंदगी जीते हो तो आपको इमोशनली बहुत स्ट्रॉन्ग रहना पड़ता है। दरअसल, लोगों को लगता है कि ऐक्टर्स की लाइफ में ग्लैमर है, फेम है तो उन्हें कोई समस्या नहीं। हमारा नाइन टु फाइव जॉब नहीं होता है। कई महीने तक लगातार काम होगा। फिर कहो बहुत टाइम हो जाए काम ही ना मिले। जब कुछ नहीं हो रहा होता है, तब आप अपनी लाइफ कैसे जीते हो, यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह मैंने अपने पापा से सीखा है क्योंकि वह खुद एक ऐक्टर-डायरेक्टर-प्रोड्यूसर हैं। कभी-कभी सिर्फ पैसिवली काम के लिए ना रुकना, हमेशा सही रास्ता नहीं होता है। आप उस रास्ते को बनाने की कोशिश कीजिए। दोस्तों के साथ मिलकर उसे बनाइए। इतने अच्छे-अच्छे राइटर्स हैं, जिन्हें मौका नहीं मिलता। मैं अभी बहुत इंडिपेंडेंट राइटर्स के साथ मिलकर काम करने की कोशिश कर रही हूं। मुझे एक रोमांटिक फिल्म करनी है। अगर सामने से वो नहीं आ रही तो कोशिश करूंगी कि मैं खुद के लिए उसे लिखूं। कोशिश आगे पता नहीं क्या रंग ले आए।

**शरीर को क्या-क्या झेलना पड़ता है**

मुझे लगता है कि मैटरनिटी की जो बात होती है, वो हर प्रोफेशन में बहुत जायज है। दरअसल, औरतों को ही पता है कि प्रेग्नेंसी के बाद उनके शरीर को क्या-क्या झेलना पड़ता है। मैं यह मानती हूं कि स्टार्स जो डिमांड उठा रहे हैं, वो बहुत वैलिड रिक्वेस्ट है, जिसमें कोई दो राय नहीं है। खासकर, जब आपने वो मुकाम बना लिया हो और आप उस स्थिति में हो, जहां आप अपनी बात रख सकते हो, अपना हक मांग सकते हो।

**श्रिया पिलगांवकर, एक सशक्त ऐक्ट्रस होने के साथ-साथ कथक डांसर और लेखिका भी हैं, जो मानती हैं कि महिलाओं को अपनी आवाज उठाने का हक है। श्रिया ने कहा- लोगों को लगता है कि ऐक्टर्स की लाइफ में ग्लैमर है, फेम है तो उन्हें कोई समस्या नहीं। हमारा नाइन टु फाइव जॉब नहीं होता है। कई महीने तक लगातार काम होगा।**



## निक्की तंबोली ने बॉयफ्रेंड का किया सपोर्ट

निक्की तंबोली ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है, जिन्होंने उनकी आलोचना की थी। दरअसल, निक्की ने बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल का 'राइज एंड फॉल' शो के लिए सपोर्ट किया था, लेकिन तभी वो निशाने पर आ गईं। पर उन्होंने भी करारा जवाब दिया। उनका पोस्ट वायरल हो रहा है। एक्ट्रेस निक्की तंबोली को 'बिग बॉस सीजन 14' से पॉपुलैरिटी मिली थी। वो इस सीजन की सेकंड रनर-अप हैं। उन्होंने हाल ही में बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल का सपोर्ट किया, जिसके बाद वो निशाने पर आ गईं। अब उन्होंने ट्रोल्स को जमकर लताड़ा है। बता दें कि अरबाज ने बिजनेसमैन अशनीर ग्रोवर के होस्ट किए जाने वाले रिएलिटी शो 'राइज एंड फॉल' में एंट्री की है।

## यह अनुभव मेरे लिए किसी बदलाव से कम नहीं रहा



'छोरियाँ चली गाँव' की कंटेस्टेंट्स अनिता हसनंदानी, ऐश्वर्या खरे, अंजुम फकीह, कृष्णा श्रॉफ, डॉली जावेद, एरिका पैकर्ड, रमीत संधू, रेहा सुखेजा, सुमुखी सुरेश, सुरभि और समृद्धि मेहरा इस रियलिटी शो में अपना दिल, मेहनत और पूरा जोश झोंक रही हैं। लेकिन इस हफ्ते, एक ऐसे मोड़ ने दर्शकों को हैरान कर दिया, जब गांव ने अपनी सबसे शालीन, लेकिन जिद्दी और बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रेहा सुखेजा को अलविदा कहा। शुरुआत से ही रेहा ने अपने अंदाज, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने वाली सोच से दर्शकों का दिल जीत लिया। चाहे आग वाला टास्क हो, मजेदार  गोबर टास्क, या फिर दमदार कुश्ती का मुकाबला, उन्होंने हर चुनौती में पूरी ताकत लगा दी। उनका सबसे शानदार पल 'गृहप्रवेश' राउंड में आया, जब उन्होंने 'मिस बामुलिया' का खिताब जीता और अपने यादगार सफर की नींव रखी। रेहा के लिए यह सफर सिर्फ शारीरिक ताकत दिखाने का मौका नहीं था।

## यूजर्स के निशाने पर आईं साई पल्लवी



भारी-भरकम बजट में बन रही 'रामायणम्' फिल्म में साई पल्लवी नजर आने वाली हैं। वो हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुईं। उनका वीडियो वायरल हो रहा है। फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं तो कई यूजर्स नितेश तिवारी की फिल्म में उनकी कास्टिंग को लेकर सवाल कर रहे हैं। पढ़ें ये रिपोर्ट। साउथ की फेमस एक्ट्रेस साई पल्लवी हाल ही में एक अवॉर्ड शो में नजर आईं। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कुछ उनकी सादगी की तारीफ कर रहे हैं तो किसी को 'रामायणम्' में माता सीता के लिए उनकी कास्टिंग पसंद नहीं आ रही है। उनके वीडियो पर सभी के मिले-जुले रिएक्शन आ रहे हैं। साई पल्लवी के वायरल वीडियो पर यूजर्स ने खूब रिएक्ट किया है। एक ने कहा, 'पुरानी रामायण बेस्ट है।' दूसरे ने कहा, 'मां सीता के लिए इससे बुरा कोई विकल्प नहीं हो सकता।' अन्य ने कहा, 'मां सीता के लिए बेजान चेहरा अच्छी पसंद नहीं है! कास्टिंग बहुत खराब है।' हालांकि, साई पल्लवी के फैंस उनके सपोर्ट में हैं। उनका कहना है कि वो बहुत प्यारी दिख रही हैं और 'रामायण' में मां सीता के रोल के लिए परफेक्ट हैं। Ramayanam फिल्म के बारे में बता दें कि इसका डायरेक्शन नितेश तिवारी कर रहे हैं और स्क्रिप्ट श्रीधर राघवन ने लिखा है। फिल्म में रणबीर कपूर राम के किरदार में हैं।

## कीकू शारदा ने बताया 'प्रैंक'



कीकू शारदा ने फाइनली कृष्णा अभिषेक संग लड़ाई का सच बता दिया है और 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' छोड़ने पर भी रिएक्ट किया है। कीकू ने कहा कि वो लड़ाई एक प्रैंक थी। उनका और कृष्णा का बंधन कभी नहीं टूटेगा। वह कभी भी कपिल का शो नहीं छोड़ेंगे। पिछले कई दिनों से कीकू शारदा की कृष्णा अभिषेक संग लड़ाई और 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' छोड़ने की खबरें आ रही थीं। कीकू का कृष्णा अभिषेक संग सेट पर लड़ाई का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। अब इस पर कीकू शारदा ने रिएक्ट किया है। कीकू शारदा की न तो कृष्णा अभिषेक संग लड़ाई हुई है और ना ही उन्होंने कपिल का शो छोड़ा है। कीकू ने कृष्णा संग लड़ाई को एक प्रैंक बताया। साथ ही कहा कि वह हमेशा कपिल शर्मा के शो का हिस्सा रहेंगे। हाल ही ऐसी खबरें आई थीं कि कीकू शारदा ने कृष्णा अभिषेक संग लड़ाई के बाद 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' छोड़ दिया है।

## रश्मिका मंदाना ने विजय देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई?

सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिनमें रश्मिका मंदाना की उंगली में डायमंड रिंग नजर आ रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि रश्मिका ने विजय देवराकोंडा से सगाई कर ली है। फैंस सच जानना चाह रहे हैं। रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है। वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स (SIIMA) में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें।



# आंध्र प्रदेश का छिपा हुआ खजाना है मारेडुमिली



इस जगह की खासियत के बारे में जानने से पहले बता दें कि मारेडुमिली आंध्र प्रदेश में है। यह जगह आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में स्थित एक बेहद खूबसूरत और मनमोहक गांव है। यह गांव पहाड़ों से घिरा है। इसलिए इस जगह को बेहद खास माना जाता है।

मारेडुमिली आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में स्थित है। इस जगह की खूबसूरती चंद मिनटों में किसी को भी मोहित कर सकती है। यहां पर घने जंगल, हरे-भरे खेत, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और झील-झरने इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करता है।बताया जाता है कि यह जगह आंध्र प्रदेश का छिपा हुआ खजाना है, जो बेहद शांत है। यहां पर कई ऐसी नदियां बहती हैं, जो यहां की खूबसूरती बढ़ाती है। सैलानियों के लिए मारेडुमिली बेहद खास माना जाता है। माना जाता है कि यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। मारेडुमिली में लोगों को यहां की हरियाली सबसे ज्यादा आकर्षित करती है। पर्यटक सुकून के पल बिताने से लेकर एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए मारेडुमिली पहुंचते रहते हैं। यहां पर घूमने के बाद आप आंध्र प्रदेश की कई फेमस जगहों को भूल जाएंगे। एडवेंचर प्रेमियों के लिए मारेडुमिली काफी खास माना जाता है। इस जगह के बारे में कई लोगों का मानना है कि यह बोटिंग, कैंपिंग और बर्ड वॉचिंग जैसी शानदार एक्टिविटीज के लिए जन्नत से कम नहीं है। यह जगह ट्रेकर्स के बीच काफी फेमस है। बताया जाता है कि यहां पर कई ट्रेल्स हैं, जिन पर ट्रैकिंग की जा सकती है। ट्रैकिंग के दौरान आप बेहतरीन और यादगार फोटोग्राफी कर सकते हैं। जह आप मारेडुमिली आएं, तो आप मान्याम व्यूपॉइंट और जंगल स्टार कैंपसाइट जैसी जगहों को एक्सप्लोर जरूर करें।

# रहस्यों से भरा है उत्तराखंड का खैट पर्वत

अगर आप भी शहर के शोर-शराबे से दूर किसी शांत वातावरण में सुकून के दो पल बिताना चाहते हैं, तो आज हम आपको उत्तराखंड की एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बेहद खूबसूरत होने के साथ-साथ रहस्यमयी भी है। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है और इस राज्य में घूमने के लिए एक से बढ़कर एक कई बेहतरीन जगहें हैं। इस राज्य की खूबसूरती को पास से देखने के लिए न सिर्फ देश बल्कि विदेशों से भी टूरिस्ट्स की अच्छी खासी तादाद आती है। लेकिन कई बार हम सभी इस खूबसूरत जगहों के पीछे छिपे रहस्यों को जानकर हैरान रह जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी शहर के शोर-शराबे से दूर किसी शांत वातावरण में सुकून के दो पल बिताना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

### जन्नत से की जाती है तुलना


उत्तराखंड में स्थित इस छोटे से हिल स्टेशन की खूबसूरती की तुलना स्वर्ग से की जाती है। इस हिल स्टेशन का नाम खैट पर्वत है। खैट पर्वत को 'परियों का देश' भी माना जाता है। ऐसे में आप भी बेहद कम बजट में उत्तराखंड के गढ़वाल जिले में स्थित थात गांव के इस हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करने के लिए आ सकते हैं।

### रहस्यों के लिए भी फेमस है ये जगह

यहां पर रहने वाले स्थानीय लोगों की मानें, तो इस जगह पर परियां दिखती हैं। बताया जाता है कि इस जगह पर नजर आने वाली परियां थात गांव की रक्षा भी करती हैं। तो वहीं कुछ लोग इन परियों को योगिनियां और वनदेवियां भी कहते हैं। वहीं इस गांव के पास स्थित खैटखाल मंदिर को भी बेहद रहस्यमयी माना जाता है।

### यहां जून में लगता है मेला

आपको बता दें कि इस गांव में जून के महीने में मेले का आयोजन किया जाता है। हरियाली से घिरा ये गांव आपका तनाव दूर करने में सहायक हो सकती है। वहीं अगर आप चाहें तो यहां पर कैंपिंग भी कर सकते हैं। हालांकि इस बेहद खूबसूरत गांव में शाम को 7 बजे के बाद कैंप से बाहर निकलने की परमिशन नहीं है। इसके अलावा यहां पर म्यूजिक बजाने पर भी रोक है, माना जाता है कि परियों को शोर-शराबा पसंद नहीं है।



# इन फेमस हिल स्टेशन पर होगा सुकून का एहसास

ट्रिप प्लान करने वाले लोग भीड़ से दूर किसी शांत माहौल की तलाश में रहते हैं। जिससे कि वह शहर की भीड़-भाड़ और प्रदूषण से राहत मिल सके। ऐसे में अगर आप भी ऐसे हिल स्टेशन की तलाश में हैं जहां पर भीड़ और ट्रैफिक कम हो और सुकून व शांति ज्यादा हो। सर्दी हो या गर्मी पहाड़ों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। लोग ट्रैफिक से बचने और सुकून की तलाश में पहाड़ों का रुख करते हैं। लेकिन अब पहाड़ों का हाल भी शहरों जैसा हो गया है। कई बार को इतना लंबा जाम लग जाता है कि लोग 5-6 घंटे तक इस जाम में फंसे रहते हैं। वहीं ट्रिप प्लान करने वाले लोग भीड़ से दूर किसी शांत माहौल की तलाश में रहते हैं। जिससे कि वह शहर की भीड़-भाड़ और प्रदूषण से राहत मिल सके। ऐसे में अगर आप भी ऐसे हिल स्टेशन की तलाश में हैं जहां पर भीड़ और ट्रैफिक कम हो और सुकून व शांति ज्यादा हो। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसे हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर पूरे साल कम भीड़ रहती है।

### कोटागिरी


अगर आप भी ऊटी नहीं जाना चाहते हैं। तो आप कोटागिरी घूमने के लिए जा सकते हैं। यह एक शांत और हरे-भरे वातावरण वाली जगह है। इस जगह की खासियत है कि आपको यहां पर घंटों जाम में नहीं फंसना होगा। आप आराम से लंबे सफर का आनंद उठा सकते हैं। अगर आप दिल्ली से ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको पहले ट्रेन लेनी होगी। वहीं यहां पर पहुंचने के बाद आप स्कूटी या फिर बाइक लेकर रेंट पर घूम सकते हैं।

### सिक्किम

अगर आप किसी ऐसी जगह पर जाना चाहते हैं, जहां पर आपको कम से कम भीड़ मिले तो सिक्किम आपके लिए बेस्ट जगह साबित हो सकती है। सिक्किम घूमने के लिहाज से काफी बेहतरीन जगह है, लेकिन यहां पर जाने से पहले आप मौसम की जानकारी जरूर करें। क्योंकि मानसून में बारिश के कारण आपको यहां पर घूमने में दिक्कत हो सकती है। यह एक खूबसूरत पहाड़ी जगह है, जहां पर घूमना थोड़ा सा महंगा हो सकता है, लेकिन आपको यहां पर सुकून की कमी नहीं होगी।

### खंडाला घाटी

महाराष्ट्र के खंडाला में भी आप बजट में घूम सकते हैं। खंडाला घाटी की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर आपको नैनीताल या मसूरी जैसी ट्रैफिक या भीड़ की परेशानी नहीं होगी। ऐसे में जो लोग बजट में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह जगह उनके लिए जन्नत से कम नहीं है।



# भारत की ये झीलें जन्नत से नहीं है कम

गर्मियों के मौसम में लगभर हर कोई ठंडी जगहों या समुद्र तटीय क्षेत्रों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा इस मौसम में झीलों का नजारा भी देखने लायक होता है। ठंडी-ठंडी हवाओं के बीच झीलों को देखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

### बड़ी लेक

राजस्थान के माउंट आबू में मीठे पानी की एक विशाल झील है। इसको बड़ी लेक के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। बताया जाता है कि बड़ी लेक को खुद भगवान ने बनाया था। हर साल यहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए आते हैं।

### नैनी झील


नैनीताल के लोगों के लिए नैनी झील काफी ज्यादा फेमस है। नैनी झील को नैनीताल झील के नाम से भी जाना जाता है। नैनी झील में आप नौकायन यानी की नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। हर साल यहां पर देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

### हुसैन सागर झील

वहीं हैदराबाद में हुसैन सागर झील है, जोकि देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि इस हुसैन झील के तट पर गोलकुंडा और मुगलों के बीच संधि हुई थी। इसके साथ ही इस लेक में बुद्ध देवता की विशाल मूर्ति है। गर्मियों में हुसैन सागर झील का नजारा देखने लायक होता है।

### लोकटक झील

लोकटक झील मणिपुर में है और यह झील पर्यटकों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस झील को फ्लोटिंग झील के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि लोकटक झील दुनिया की इकलौती ऐसी लेक है, जोकि तैरती हुई दिखाई देती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में मणिपुर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार लोकटक झील देखने जरूर जाना चाहिए।



## सुंदर वन्यजीव अभ्यारण्यों में से एक है

# कान्हा नेशनल पार्क

कान्हा नेशनल पार्क की स्थापना 1955 में की गई थी। शुरुआत में इसका क्षेत्रफल लगभग 300 वर्ग किलोमीटर था, जिसे बाद में बढ़ाकर वर्तमान में लगभग 940 वर्ग किलोमीटर कर दिया गया। यह पार्क मुख्य रूप से बाघों और अन्य वन्यजीवों की प्रजातियों के संरक्षण के लिए स्थापित किया गया था।

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, मध्यप्रदेश के बालाघाट और मंडला जिलों में स्थित एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान है। यह भारत के सबसे प्रसिद्ध और सुंदर वन्यजीव अभ्यारण्यों में से एक है। कन्हा न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह भारतीय उपमहाद्वीप के सबसे बड़े बाघ संरक्षण क्षेत्रों में भी शामिल है। यह उद्यान 940 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है और भारतीय वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक अद्वितीय गंतव्य स्थल है।

### कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का इतिहास

कान्हा नेशनल पार्क की स्थापना 1955 में की गई थी। शुरुआत में इसका क्षेत्रफल लगभग 300 वर्ग किलोमीटर था, जिसे बाद में बढ़ाकर वर्तमान में लगभग 940 वर्ग किलोमीटर कर दिया गया। यह पार्क मुख्य रूप से बाघों और अन्य वन्यजीवों की प्रजातियों के संरक्षण के लिए स्थापित किया गया था। कन्हा को "बाघों का घर" भी कहा जाता है क्योंकि यह बाघों की सबसे बड़ी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। यह पार्क 1973 में भारत सरकार के प्रोजेक्ट टाइगर के तहत एक संरक्षित क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया था।

### कान्हा के प्रमुख आकर्षण

बाघ : कान्हा का प्रमुख आकर्षण बाघ है। यहां बाघों की अच्छी संख्या पाई जाती है, और पर्यटकों को बाघों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का अद्वितीय अनुभव मिलता है।

संगठित सफारी: कान्हा नेशनल पार्क में जीप सफारी और हाथी सफारी की व्यवस्था है, जिससे पर्यटक जंगल के भीतर जाकर वन्यजीवों का करीबी से अवलोकन कर सकते हैं। यह सफारी वाइल्डलाइफ फोटोग्राफरों और जीव-जंतुओं के प्रेमियों के लिए एक आदर्श अनुभव है।

जंगल का दृश्य: कान्हा नेशनल पार्क अपनी भव्य हरियाली, घने जंगलों, और खुले घास के मैदानों के लिए प्रसिद्ध है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण दर्शनीय है।

बर्ड वॉचिंग: कान्हा पार्क में पक्षियों की 300 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं। यह स्थल बर्ड वॉचिंग के शौकिनों के लिए स्वर्ग जैसा है। यहां आपको विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे और दुर्लभ पक्षी देखने को मिल सकते हैं।

कान्हा और बांधवगढ़ का कनेक्शन: कन्हा पार्क का एक हिस्सा बांधवगढ़ नेशनल पार्क से जुड़ा हुआ है, जो इसे एक विशेष क्षेत्र बनाता है जहाँ वन्यजीवों की प्रजातियाँ आपस में घुलमिल जाती हैं।

### कान्हा के वन्यजीव

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण वन्यजीवों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें प्रमुख हैं:

**सिंह :** बाघों के अलावा, कन्हा में तेंदुआ भी देखने को मिलते हैं, जो इस क्षेत्र के जंगलों में अपने शिकार की तलाश में घूमते रहते हैं।

**सियार और लकड़बग्घा :** इन जंगली कुत्तों का झुंड अक्सर जंगल में शिकार करते हुए देखा जा सकता है।

**हिरण :** कान्हा में विभिन्न प्रकार के हिरण, जैसे कि स्पॉटेड डियर (chitals), सांभर, और मुर्राह हिरण, बहुतायत में पाए जाते हैं।

**भालू :** भालू भी कान्हा के जंगलों में देखे जाते हैं और उनकी उपस्थिति इस क्षेत्र की जैव विविधता को दर्शाती है।

**काले भालू:** कान्हा में काले भालू भी पाए जाते हैं, जो जंगल के भीतर विचरण करते हैं।

**नदी के किनारे और झीलें:** कान्हा में कई छोटी-बड़ी झीलें और नदियाँ हैं, जो वन्यजीवों के लिए पानी का मुख्य स्रोत हैं।

### कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का मौसम

कान्हा में मौसम विविधतापूर्ण है, जो प्रत्येक सत्र में जंगल की सुंदरता और वन्यजीवों की गतिविधियों को बदलता रहता है:

गर्मी का मौसम (मार्च से जून): गर्मी के दौरान कन्हा का तापमान बहुत बढ़ सकता है, लेकिन यही समय होता है जब जंगल के पशु-पक्षी पानी की तलाश में अपने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में विचरण करते हैं, जिससे सफारी के दौरान अधिक जानवर देखने को मिलते हैं।

मानसून (जुलाई से सितंबर): मानसून में बारिश के कारण जंगल में हरियाली बढ़ जाती है, और यह वन्यजीवों के लिए प्रजनन का समय होता है। हालांकि, बारिश के कारण सफारी का सफर सीमित हो सकता है।

सर्दी (नवंबर से फरवरी): सर्दियों में मौसम सुहावना होता है, जो सफारी के लिए आदर्श है। यह समय पक्षियों और जानवरों के अवलोकन के लिए भी सर्वोत्तम होता है।





# Sunderlal Ji Dugar

(Continues to serve humanity through **Body Donation**)

In loving memory of a man with a golden heart, who always placed society and service above himself. His kindness, humility, and selfless spirit will continue to inspire all whose lives he touched.

Vinod Baid ● Bhikham Chand Pugalia ● Surendra Kr Dugar (PS Group)
Anil Kumar Saraogi ● Pramod Baid ● Bhaven Kamdar ● Dharmendra Kr Jain
Narrinder Suranna ● Nirmal Bindayaka Jain ● Kamal Bhutoria ● Pradeep Patwa
Sandeep Lalwani ● Rohit Surana ● Vivek Jain ● Shailja Mehta ● Rajendra Jain